| केन्द्रीय विद्यालय, क्रमांक-1, बीकानेर के विद्यार्थियों के अभ्यास हेतु निर्मित | | |
|---|---|---|
| | **अदर्श प्रश्न पत्र द्वितीय मासिक जांच 2022-23 के लिए** | |
| | विषय–हिंदी (आधार) विषय कोड–302 | |
| निर्धारित समय : 2 घंटे | कक्षा–बारहवीं | अधिकतम अंक-40 |

<u>सामान्य निर्देश –</u>

- निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए:-
- इस प्रश्न पत्र के खंड अ में 20 वस्तुपरक प्रश्न है तथा खंड ब में वर्णानात्मक प्रश्न पूछे गए हैं।
- प्रश्नों में आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।

| प्रश्न संख्या | **खंड अ वस्तुपरक प्रश्न** | अंक 20 |
|---|---|---|
| प्रश्न 1. | पठित काव्यांश पर पांच बहुविकल्पी प्रश्न कीजिए- | 5x1=5 |
| | सोचिए<br>बताइए<br>आपको अपाहिज होकर कैसा लगता है<br>कैसा<br>यानी कैसा लगता हैं<br>(हम खुद इशारे से बताएँगे कि क्या ऐसा?)<br>सोचिए<br>बताइए<br>थोड़ी कोशिश करिए<br>(यह अवसर खो देंगे?)<br>आप जानते हैं कि कार्यक्रम रोचक बनाने के वास्ते<br>हम पूछ-पूछकर उसको रुला देंगे<br>इंतजार करते हैं आप भी उसके रो पड़ने का<br>करते हैं? | |
| | **निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कीजिए –**<br>प्रश्न 1. कवि ने दूरदर्शन के कार्यक्रम-संचालकों की किस मानसिकता को उजागर किया हैं?<br>(क) उनकी व्यंग्यात्मक शक्तियों पर (ख) उनकी कोरी व्यावसायिकता पर<br>(ग) उनकी समझदारी पर (घ) उनकी मानसिक कमजोरी पर<br>प्रश्न 2. दूरदर्शन संचालकों द्वारा अपाहिज को संकेत में बताने का उद्देश्य क्या हैं?<br>(क) संचालक संकेत द्वारा अपाहिज को बताते हैं कि वह अपना अनुभव बताए<br>(ख) संचालक संकेत द्वारा अपाहिज को बताते हैं- वह अपना दर्द इस प्रकार बताए जैसा वे चाहते हैं।<br>(ग) संचालक संकेत द्वारा अपाहिज को बताते हैं कि वह अपना दैनिक कार्य कैसे करते हैं, वह बताएं<br>(घ) उपर्युक्त सभी | |

| | | |
|---|---|---|
| | प्रश्न 3. दूरदर्शन वाले किस अवसर की प्रतीक्षा में रहते हैं?<br>(क) अपाहिज रो पड़े, ताकि उनका कार्यक्रम रोचक बन सके।<br>(ख) अपाहिज से उत्तर पाने की आकांक्षा<br>(ग) अपाहिज से इशारा पाने की आकांक्षा<br>(घ) इनमें से कोई नहीं<br>प्रश्न 4. कार्यक्रम को रोचक बनाने के लिए साक्षात्कारकर्त्ता (मीडियाकर्मी) अपाहिज को क्या करवाते हैं?<br>(क) रुला देते हैं (ख) हँसा देते हैं<br>(ग) नचा देते हैं (घ) गाना गवा देते हैं<br>प्रश्न 5. दूरदर्शन कार्यक्रम-संचालक अपाहिज से किस प्रकार के प्रश्न पूछता है?<br>(क) अर्थपूर्ण (ख) तर्कसंगत<br>(ग) भावपूर्ण (घ) अर्थहीन | |
| प्रश्न 2. | पठित गद्यांश पर पांच बहुविकल्पी प्रश्न कीजिए- | 5x1=5 |
| | एक बार वह 'दंगल' देखने श्यामनगर मेला गया। पहलवानों की कुश्ती और दाँव-पेंच देखकर उससे नहीं रहा गया। जवानी की मस्ती और ढोल की ललकारती हुई आवाज ने उसकी नसों में बिजली उत्पन्न कर दी। उसने बिना कुछ सोचे-समझे दंगल में 'शेर के बच्चे' को चुनौती दे दी। 'शेर के बच्चे' का असल नाम था चाँद सिंह। वह अपने गुरु पहलवान बादल सिंह के साथ पंजाब से पहले-पहल श्यामनगर मेले में आया था। सुंदर जवान, अंग-प्रत्यंग से सुंदरता टपक पड़ती थी। तीन दिनों में ही पंजाबी और पठान पहलवानों के गिरोह के अपनी जोड़ी और उम्र के सभी पट्ठों को पछाड़कर उसने 'शेर के बच्चे' की टायटिल प्राप्त कर ली थी। इसलिए वह दंगल के मैदान में लँगोट लगाकर एक अजीब किलकारी भरकर छोटी दुलकी लगाया करता था। देशी नौजवान पहलवान उससे लड़ने की कल्पना से भी घबराते थे। अपनी टायटिल को सत्य प्रमाणित करने के लिए ही चाँद सिंह बीच-बीच में दहाड़ता फिरता था।<br>**निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कीजिए –**<br>**प्रश्न 1.** प्रथम पंक्ति में 'वह' कौन है?<br>(क) चाँद सिंह (ख) बादल सिंह (ग) लुट्टन सिंह (घ) शेर का बच्चा<br>प्रश्न 2.लुट्टन को कुश्ती की प्रेरणा किससे मिली?<br>(क) दर्शकों से (ख) ढोल से (ग) भाइयों से (घ) गुरु से<br>प्रश्न 3. 'बिजली उत्पन्न होना' मुहावरे का आशय है?<br>(क) बिजली का उत्पादन होना (ख) जोश आना<br>(ग) उजाला होना (घ) उपर्युक्त सभी<br>**प्रश्न 4.** शेर के बच्चे की टायटल किसने प्राप्त की?<br>(क) चाँद सिंह (ख) बादल सिंह (ग) लुट्टन सिंह (घ) कोई नहीं<br>**प्रश्न 5.** चाँद सिंह अपने टायटिल को सत्य प्रमाणित करने के लिए क्या करता था?<br>(क) शेर की तरह दहाड़ता था (ख) छोटी दुलकी लगाया करता था<br>(ग) शेर जैसा लड़ता था (घ) सभी कथन सत्य है | |

| | | |
|---|---|---|
| 3. | **निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कीजिए –**<br>प्रश्न 1. समाचार पत्रों में विचारपरक लेखन के अंतर्गत आते हैं<br>(क) लेख (ख) टिप्पणियां<br>(ग) संपादकीय (घ) उपर्युक्त सभी<br>प्रश्न 2. लोकतांत्रिक समाज में अखबार की भूमिका नहीं है<br>(क) पहरेदार की (ख) शिक्षक की<br>(ग) जनमत निर्माता की (घ) किसी राजनीतिक दल के समर्थन करने की<br>प्रश्न 3. पत्रकारिता का संबंध किससे है<br>(क) तथ्यों से (ख) भविष्य की योजनाओं से<br>(ग) कल्पना से (घ) आदर्श से<br>प्रश्न 4. पत्रकारीय लेखन में कैसी भाषा का प्रयोग किया जाता है<br>(क) आलंकारिक एवं विशेषणों से युक्त भाषा (ख) संस्कृतनिष्ठ भाषा<br>(ग) आम बोलचाल की सरल ,सहज भाषा (घ) सामासिक पदावली से युक्त भाषा<br>प्रश्न 5. निम्नलिखित में से कौन सा कार्य संपादक का है<br>(क) संपादक समाचार एकत्र करते हैं<br>(ख) संपादक घटनास्थल पर जाकर घटना का जायजा लेते हैं<br>(ग) समाचार पत्र की नीति,आचार संहिता और जनकल्याण का विशेष ध्यान रखते हैं<br>(घ) इनमें से कोई नहीं | 5x1=5 |
| 4. | **निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कीजिए –**<br>1.जूझ साहित्य की किस विधा में लिखा गया है?<br>(क) कहानी। (ख) आत्मकथात्मक उपन्यास<br>(ग) संस्मरण। (घ) रेखा चित्र<br>2. 'जूझ' पाठ के लेखक हैं-<br>(क) आनंद यादव (ख) मनोहर श्याम जोशी<br>(ग) ओम थानवी (घ) अमित यादव<br>3. 'जूझ' पर लेखक को कौन सा पुरस्कार मिला था-<br>(क) ज्ञानपीठ पुरस्कार (ख) साहित्य अकादमी पुरस्कार<br>(ग) व्यास सम्मान (घ) भारत भारती पुरस्कार<br>4 'जूझ' शब्द का अर्थ क्या होता है?<br>(क) संघर्ष (ख) परिश्रम<br>(ग) दोनों सही हैं (घ) दोनों गलत है<br>5. " पाठशाला जाने के लिए मन तड़पता था।"पंक्ति में आए मुहावरे 'मन तड़पना' का क्या अर्थ है-<br>(क) मन प्रसन्न होना (ख) मन बेचैन होना<br>(ग) मन शांत होना (घ) उपरोक्त में से कोई नहीं | 5x1=5 |

| प्रश्न संख्या | खंड ब में वर्णानात्मक प्रश्न | अंक 20 |
|---|---|---|
| प्रश्न 5. | निम्नलिखित 03 प्रश्नों में से किन्हीं 02 के उत्तर दीजिए। | 2X2=4 |
| (I) | "कविता एक उड़ान है" पंक्ति में निहित भाव स्पष्ट कीजिए। | 2 |
| (II) | "बात की चूड़ी मरना" का आशय स्पष्ट करें। | 2 |
| (III) | अपाहिज से पूछे गए प्रश्न किस बात के परिचायक हैं? कैमरे में बंद अपाहिज कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए। | 2 |
| प्रश्न 6. | निम्नलिखित 03 प्रश्नों में से किन्हीं 02 के उत्तर दीजिए। | 3x2=6 |
| (I) | कविता के बहाने बताएँ कि "सब घर एक कर देने के माने" क्या है? | 3 |
| (II) | "भाषा को सहूलियत" से बरतने का क्या अभिप्राय है? | 3 |
| (III) | "कैमरे में बंद अपाहिज कविता करुणा के में मुखौटे छिपी क्रूरता की कविता है" इस कथन पर टिप्पणी कीजिए। | 3 |
| प्रश्न 7. | निम्नलिखित 03 प्रश्नों में से किन्हीं 02 के उत्तर दीजिए। | 2X2=4 |
| (I) | लुट्टन पहलवान के सम्मानित जीवन को अचानक असम्मानित जीवन में बदल जाने के लिए आप किसे और क्यों उत्तरदायी मानते हैं? | 2 |
| (II) | रात्रि की विभीषिका को पहलवान की ढोलक किस प्रकार चुनौती देती थी? | 2 |
| (III) | ढोलक की आवाज़ का पूरे गाँव पर क्या असर होता था? | 2 |
| प्रश्न 8. | निम्नलिखित 03 प्रश्नों में से किन्हीं 02 के उत्तर दीजिए। | 3x2=6 |
| (I) | 'पहलवान की ढोलक' पाठ के आधार पर लुट्टन पहलवान का चरित्र-चित्रण कीजिए। | 3 |
| (II) | लुट्टन के राज पहलवान बनने एवं हटने की घटना संक्षेप में लिखिए। | 3 |
| (III) | लुट्टन पहलवान ने ऐसा क्यों कहा होगा कि 'मेरा गुरु कोई पहलवान नहीं यही ढोल है'? | 3 |